हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

04 अभ्यारण्य बनेगा वन्यजीव संरक्षण...



07 अभा विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने खोला मोर्चा, दोषियों पर...






**खबर संक्षेप**

### कलेक्टर ने किसान भाइयों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की

**सीहोर।** जिले के किसानों से नरवाई/फसल अवशेष नहीं जलाने की कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा गत दिवस अपील की गई है। कृषकों द्वारा अपनी सुविधा के लिए गेहूं फसल की कटाई पश्चात खेत में आग लगाकर गेंहू के डंटलों को नष्ट किया जाता है जिससे व्यापक अग्नि दुर्घटना एवं जन धन की हानि होने की संभावना रहती है। जिससे मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है। सैटेलाइट मॉनिटरिंग के माध्यम से प्राप्त सूचना अनुसार जिले में प्रतिदिन नरवाई में आग लगाने की दुर्घटनायें प्रदर्शित हो रही है। जो कृषि एवं पर्यावरण की दृष्टि से अत्यंत ही नुकसानदायक है। किसान भाईयों से अपील की गई है कि गेहूं कटाई पश्चात खेत की नरवाई का उचित प्रबंधन करें जैसे- रोटावेटर चलाकर नरवाई को खेत में मिला दे जिससे मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ेगी, स्ट्रारीपर द्वारा भूसा बनाकर मवेशियों के लिए उपयोग किया जा सकता है एवं बेलर मशीन से नरवाई के बंडल बनाकर पशु चारा एवं ईंधन आदि उपयोग किया जा सकता है। किसानों से अनुरोध है कि एक से दो ट्रॉली भूसा बनवाकर जिले में संचालित गौशालाओं में दान करने से पशुओं के आहार में उपयोग हो सकता है।

## मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस पर आज धार्मिक आयोजन

# माता रानी की आगवानी करने के लिए दुल्हन की तरह सजाया नगर

**माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं लाभार्थी के सहयोग से नि:शुल्क भंडारा होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







विश्व प्रसिद्ध माँ बगलामुखी की नगरी में आज मां के प्राकट्य दिवस नगर गौरव दिवस पर माता रानी की प्रतिकृति को सुसज्जित रथ में विराजित कर नगर भ्रमण पर निकाला जावेगा। माता रानी की आगवानी के लिए नगर दुल्हन की तरह सजाया गया है। आज शुक्रवार को मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस जोकि नगर परिषद द्वारा नगर गौरव दिवस के रूप में भी मनाया जाता है,नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रकटोत्सव को लेकर माँ बगलामुखी का दरबार आकर्षक रूप से सजाया गया है। मां बगलामुखी प्रकटोत्सव को लेकर विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर विशेष तैयारियां की गई है। सम्पूर्ण मंदिर व परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया है। मंदिर व गर्भगृह को ताजा फूलों से सजाया गया है।

सम्पूर्ण मंदिर परिसर व मंदिर के बाहर आकर्षक रंगोलियां बनाई जाएगी। मां बगलामुखी प्रकोटोत्सव एवं नगर गौरव दिवस पर आज शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से माता रानी का अभिषेक होगा। इसके लिए मंदिर के बाहर स्थित डोम में विशाल मंच बनाया गया है जहाँ मंत्रोच्चार के साथ माता रानी का अभिषेक होगा। दोपहर 11.55 बजे मंदिर पर ध्वजारोहण होगा। दोपहर 12 बजे मां की महाआरती होगी। मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसको लेकर नगर परिषद द्वारा सायं 4 बजे किला रोड स्थित सांवलिया नाथ मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में मां कालिका की झांकी, राजस्थानी नृत्य, भगवान जगन्नाथ जी एवं श्रीनाथ जी की झांकी के साथ ही कई आकर्षण रहेंगे। वही आकर्षक व सुसज्जित रथ में माता रानी की प्रतिकृति विराजित रहेगी। इसके साथ ही युवाओं की टोली डमरू व ताशे बजाते चलेंगे। शोभायात्रा चौक बाजार से गणेश चौराहा शिवाजी चौराहा मां बगलामुखी मार्ग बगलामुखी चौराहा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेगी जहाँ माता रानी की महाआरती होगी। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी की जावेगी। शोभायात्रा मार्ग को केशरिया पताकाओं एवं तोरणद्वारों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। नगरवासी माता रानी की आगवानी पलक पावड़े बिछाकर करेंगे। नगर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ही रात्रि 8 बजे मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में नगर परिषद द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा। पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा इस मौके पर प्रातः 10 बजे माता रानी को छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं लाभार्थी के सहयोग से निशुल्क भंडारे का आयोजन भी किया जावेगा।

**हुआ भट्टी पूजन** पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस पर निःशुक्त भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को भोजन प्रसादी निर्माण प्रारम्भ करने के पूर्व मंत्रोच्चार के साथ भट्टी पूजन किया गया।

## मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा के गर्भगृह में फोटो-वीडियो शूटिंग पर लगाया प्रतिबंध



**नलखेड़ा।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ बगलामुखी मंदिर, नलखेड़ा के गर्भगृह की पवित्रता एवं धार्मिक मर्यादा बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत मंदिर के गर्भगृह में किसी भी प्रकार की फोटो, वीडियो, रील अथवा अन्य शूटिंग को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार गर्भगृह में शूटिंग का कार्य केवल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पूर्व में अधिकृत एवं अनुमति प्राप्त व्यक्ति द्वारा ही किया जा सकेगा। यह अनुमति भी समिति के दिशा-निर्देशों एवं निगरानी में ही मान्य होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी श्रद्धालु, निजी व्यक्ति अथवा अन्य द्वारा गर्भगृह के भीतर किसी प्रकार की फोटो या वीडियो शूटिंग करना पूर्णतः वर्जित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सचिव माँ बगुलामुखी मंदिर प्रबंधन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं संबंधित व्यक्तियों से अपील की है कि वे मंदिर की पवित्रता एवं गरिमा बनाए रखने के लिए जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

**जल संवर्धन कार्यों की सराहना की**

## जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का कानड़ में किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



बुधवार को आगर जल गंगा संवर्धनह्व कार्यक्रम में शामिल होने सारंगपुर से आगर जाते समय मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) मोहन नागर का कानड़ में आत्मीय स्वागत किया गया। भाजपा जिला मंत्री कविता शर्मा के निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उन्हें फूलमालाओं से अभिनंदन कर गुलदस्ता भेंट किया गया।

इस अवसर पर नवा अंकुर समिति के श्याम पाटीदार, गोविंद राजपूत ,कमल सिंह सोनगरा सहित नगर विकास समिति के डॉ देवनारायण गौड़, डी.एस. आर्य, नरेंद्र नागर , और आशीष शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भी नागर का स्वागत कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। इसमें प्रमुख रूप से पानी की प्याऊ व्यवस्था, बोरी बंधान के माध्यम से तालाब संरक्षण, पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं अन्य विकास कार्यों की जानकारी साझा की गई। उपाध्यक्ष मोहन नागर ने समिति द्वारा किए जा रहे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की सराहना कर कहा कि प्रयास जल संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निरंतर इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।

## जन्मदिन को यादगार बनाने पक्षियों को दाना पानी रखने सकोरे बांटे

**खुद के घर में भी सकोरे लगाए**



**नलखेड़ा।** जन्मदिन सिर्फ केक काटने और जश्न मनाने का मौका नहीं, बल्कि समाज के लिए कुछ अच्छा करने का भी अवसर हो सकता है, ऐसा ही उदाहरण पेश किया है आगर के युवा अवधेश यादव ने उन्होंने अपने जन्मदिन को खास बनाने के लिए गर्मी के इस मौसम में पक्षियों के लिए पानी हेतु सकोरे बांटे और खुद के घर में भी सकोरे लगाए। आगर निवासी युवा अवधेश यादव ने अपने जन्मदिवस को खास बनाने के लिए एक अनोखा संकल्प लिया। उन्होंने बेजुबान पक्षियों के लिए सकोरे बांटे और खुद के घर में भी सकोरे लगाए। इन सकोरों में नियमित रूप से दाना और पानी भरकर पक्षियों की सेवा करने का संकल्प लिया गया। अवधेश का कहना है कि गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी और भोजन मिलना मुश्किल हो जाता है, ऐसे में हर व्यक्ति को आगे आकर उनकी मदद करनी चाहिए। उन्होंने न सिर्फ खुद यह पहल की, बल्कि अपने दोस्तों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की बात कही। पक्षियों के लिए सकोरे बांटे और खुद के घर में भी सकोरे लगाए। अवधेश यादव का यहां कार्य अनुकरणीय होकर अनुमोदनीय है।

## मंडी में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टिकाएं लगाकर दिया सुरक्षा रखने के लिए संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



रात्रि के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सामाजिक सेवा संकल्प अभियान ह्लयुवा संसदह्व के सदस्यों ने सराहनीय पहल करते हुए मंडी में आए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम पट्टिकाएं लगाईं।

मंगलवार को मंडी प्रांगण में आयोजित इस अभियान में युवा संसद संयोजक एलडीपीओ इंदौर गोकुल सिंह सिसोदिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, पार्षद दरबार सिंह आर्य, थाना प्रभारी आर.के. दांगी एवं सीएमओ शिव सिंह चौहान, ईश्वर सिंह सुरजनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मंडी में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टिकाएं लगाईं और किसानों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी।

थाना प्रभारी आर.के. दांगी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे रेडियम पट्टिका लगाने से रात्रि में पीछे से आने वाले वाहनों को दूर से ही संकेत मिल जाता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका कम हो जाती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने वाहनों पर सुरक्षा के ऐसे उपाय जरूर अपनाएं।युवा संसद संयोजक गोकुल सिंह सिसोदिया ने कहा कि संस्था द्वारा यह अभियान लंबे समय से चलाया जा रहा है। वर्तमान में फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहे किसानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह विशेष पहल की जा रही है। युवा संसद वर्षभर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहती है, जिसमें निःशुल्क कैरियर मार्गदर्शन, किताबों का वितरण, जरूरतमंदों को स्वेटर उपलब्ध कराना एवं निर्धन विद्यार्थियों को शिक्षा में सहयोग देना शामिल है।

## आज ग्राम सभाएं, जनगणना 2027 के प्रति जागरूकता देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को ग्राम सभाएं आयोजित होगी। कलेक्टर प्रीति ने आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में जनगणना 2027 के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना) का कार्य 01 से 30 मई, 2026 तक संपादित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी के अभाव के कारण डेटा की गोपनीयता एवं सरकारी योजनाओं पर प्रभाव को लेकर नागरिकों में व्याप्त भ्रम को दूर करने के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा सभी तहसीलदार, चार्ज जनगणना अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम सभाओं में जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी अनिवार्य रूप से दें। ग्राम सभाओं में बताया जाएगा कि जनगणना राष्ट्र के विकास एवं भविष्य की योजनाओं का आधार है। जनगणना 2027 केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के समग्र विकास की सशक्त नींव है। यह कार्य दो चरणों में संपन्न होगा, जिसमें प्रथम चरण 01 से 30 मई 2026 तक तथा द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। इस बार जनगणना प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिसमें नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। स्व-गणना की अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। निर्धारित समयावधि में प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी संकलित करेंगे। जनगणना अधिनियम, 1948 एवं जनगणना नियमावली, 1990 के अंतर्गत संकलित समस्त व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है तथा इसका उपयोग किसी भी जांच, कर या अन्य प्रयोजनों में नहीं किया जाता है। साथ ही, जनगणना में दी गई जानकारी का राशन, पेंशन अथवा अन्य शासकीय योजनाओं पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसके अतिरिक्त जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण, जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 (संशोधित 2023) के तहत अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने की अपील भी की गई है। जिले के समस्त नागरिकों से आह्वान किया गया है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहभागिता करें तथा 01 से 30 मई के मध्य घर-घर आने वाले प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही ग्रामों में मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## किसानों के गेहूं का तोल नहीं होने से नाराज, चक्काजाम





**नलखेड़ा।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित नलखेड़ा द्वारा समय पर तोल नहीं करने पर किसानों ने भारतीय किसान संघ के बैनर तले तहसील कार्यालय के सामने चक्का जाम कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश पर किसानों ने दो दिन का समय व्यवस्था सुधारने के लिए देकर चक्का जाम समाप्त किया। खरीदी केंद्र पर समय पर गेहूं का तोल नही होने व प्रतिदिन कम मात्रा में गेहूं की खरीदी करने से नाराज किसानों ने गुरुवार को स्थानीय तहसील कार्यालय के सामने अपने ट्रेक्टर खड़े कर चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी प्रांगण में किसानों के बैठने के लिए ना तो छायादार स्थान है और ना ही पीने के पानी की व्यवस्था है। कुछ किसानों ने बताया कि वे दो, तीन तीन दिनों से अपना गेंहू लेकर खरीदी केंद्र पर खड़े है लेकिन आज तक उनका गेंहू नही तोला गया है। किसान संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक खरीदी केंद्र पर 1500 क्विंटल गेहूं प्रतिदिन खरीदी करना है लेकिन संस्था की लापरवाही से करीब 600 क्विंटल गेहूं ही एक दिन में तोले जा रहे हैं। चक्का जाम स्थल पर तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी नागेश यादव ने पहुंचकर आक्रोशित किसानों व किसान संघ प्रतिनिधियों से चर्चा की गई। उनके द्वारा खरीदी केंद्र पर व्यवस्था सुधारने के आश्वासन पर दो दिन का समय किसानों द्वारा देकर चक्का जाम समाप्त किया गया। किसानों ने बताया कि इसके बाद यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो मजबूरन भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान किसान संघ जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा, जगदीश पाटीदार, नारायण सिंह जोधा, परमानंद पाटीदार, दुर्गाप्रसाद, सीताराम गुर्जर, दिनेश विश्वकर्मा, दिलीप सिंह सिसोदिया, रामबाबू यादव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने की एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ते हुए तापमान से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रवभावों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस संबंध में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी एवं उपचार के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों का उन्मुखीकरण भी किया जा रहा हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारियों को मरीजो की लू के लक्षणों की जांच कराएं।

**प्रजापति कुंभकार समाज के आयोजन में एकता, परंपरा और प्रगतिशील सोच दिखी**

# 6वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा






बाबा बैजनाथ महादेव की पावन नगरी मे श्री मालवी प्रजापति कुम्भकार समाज द्वारा छटवां आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समाज द्वारा सभी वर वधू को गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। सामूहिक विवाह सम्मेलन के पूर्व अतिथियों द्वारा नगराधिपति बाबा बैजनाथ महादेव एवं श्री यादें मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर विवाह सम्मेलन की शुरुआत की गई। उत्साह और सौहार्द के साथ सम्पन्न हुए इस आयोजन में समाज की एकता, परंपरा और प्रगतिशील सोच दिखाई दी सामूहिक विवाह सम्मेलन में 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। श्री मालवी प्रजापति कुम्भकार समाज छटवां आदर्श सामुहिक विवाह सम्मेलन में मंचासीन अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष कैलाश कुम्भकार, उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच लालसिंह कुम्भकार, बाबूलाल कुम्भकार, भरत प्रजापत, अशोक कुम्भकार, राधेश्याम प्रजापत, अशोक कुम्भकार, दिलीप प्रजापत उप सरपंच संदीप प्रजापत आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर समाजजनों ने गुरूओ व समाजसेवियों का स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक अर्जित किया गए मंचासींन अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मेलन के उपरांत क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर भी सम्मेलन में उपस्थित हुई जिनका समिति सदस्यों ने स्वागत किया समाज के सभी वरिष्ठ जनो ने मंच से सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में सामाजिक चर्चा प्रेरक उद्बोधन व समाज की दिशा पर मार्गदर्शन दिया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में अहम भूमिका निभाने वाले दूर-दूर से आए समाज सेवक एवं कार्यकर्ताओं को भी मंच पर सम्मानित किया गया और वरिष्ठ जनों ने मंच से समाज को संबोधित करते कहा कि प्रजापति कुम्भकार समाज एक सामाजिक एकता और परंपराओं को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है वहीं विवाह सम्मेलन में मंच से लेकर भोजन व्यवस्था एवं यज्ञशाला तक समाज द्वारा अच्छी व्यवस्था की गई जिसकी सराहना बाहर से आए अतिथियों ने एवं वरिष्ठ जनों ने भी करी

### गृहस्थी की सामग्री की भेंट

इस दौरान मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुम्भकार कानड़ द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन के उपरांत समिति के सदस्यों ने वर-वधू को गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई ।

## खबर संक्षेप

### कृष्णाजी राव पवार महाविद्यालय के छात्रों ने किया प्लांट का भ्रमण




**देवास।** विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशानुसार छात्रों को शंकरगढ़ स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एमआरएफ सेंटर का भ्रमण कराया गया। मृत्युंजय जीवन धारा हेल्थ केयर एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एमआरएफ सेंटर में इको क्लब व एनएसएस छात्रों को कचरा प्रबंधन की ज़मीनी हकीकत और उसके वास्तविक स्वरूप से अवगत करवाया गया। भ्रमण के दौरान संस्था के अध्यक्ष अजीत कवलाचे व निगम स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर द्वारा छात्रों को प्रतिदिन शहर के घरों से प्राप्त सूखे कचरे से रिसायकलेबल मटेरियल की छंटाई के साथ समुचित निष्पादन की विस्तृत जानकारी दी गई। इससे छात्रों को कचरा पृथक्कीकरण व पुनर्चक्रण प्रक्रिया और 3आर सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से समझने का मौका मिला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों को पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की शपथ दिलाई गई।

### बाघों की वापसी से 'शांत कॉरिडोर' बना समृद्ध वन्य-जीव आश्रय

# अभ्यारण्य बनेगा वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म का आदर्श मॉडल : सीएम

### मध्यप्रदेश को वन्यजीव संरक्षण और इको-पर्यटन के क्षेत्र मे मिल रही नई पहचान


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक रूप से बाघों की बढ़ती मौजूदगी के कारण खिवनी वन्य-प्राणी अभयारण्य वन्यजीव संरक्षण की सफलता का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विजन खिवनी को एक सुदृढ़ बाघ आवास के साथ-साथ प्रमुख इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करना है, जिससे संरक्षण और पर्यटन दोनों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि खिवनी आने वाले समय में वन्यजीव संरक्षण और इको-टूरिज्म का आदर्श केंद्र बनेगा।

मालवा-निमाड़ क्षेत्र के शुष्क पर्णपाती वनों में स्थित लगभग 134.7 वर्ग किलोमीटर में फैला खिवनी अभयारण्य, जो पहले केवल रातापानी जैसे बड़े वनों को जोड़ने वाला 'ट्रांजिट कॉरिडोर' माना जाता था, आज बाघों के सुरक्षित प्रजनन स्थल के रूप में स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस परिवर्तन को राज्य की सुनियोजित नीतियों और सतत संरक्षण प्रयासों का परिणाम बताया।खिवनी में बाघ 'युवराज' और 'मीरा' ने इसे अपना स्थायी ठिकाना बनाकर नई पहचान दी है। वन विभाग द्वारा मीरा के तीन शावकों को जन्म देने की पुष्टि की गई है। ये शावक अब अपनी मां के साथ जंगल में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान में खिवनी में लगभग एक दर्जन बाघों की मौजूदगी दर्ज की जा रही है, जो इस क्षेत्र के पारिस्थितिक पुनर्जीवन का स्पष्ट संकेत है। खिवनी में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियां, जैसे जंगली कुत्तों (ढोल) की सक्रियता, तेंदुए, लकड़बग्घा, सियार और भालू की उपस्थिति तथा चौसिंगा जैसे दुर्लभ शाकाहारी जीवों की मौजूदगी ने इसे संतुलित शिकार-शिकारी श्रृंखला और सुदृढ़ पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्स्थापना का उदाहरण बना दिया है। खिवनी वन्यजीव संरक्षण की नींव 1982 में रखी गई थी। बाद में खिवनी क्षेत्र का विस्तार कर सीहोर जिले के वन क्षेत्रों को भी इसमें शामिल किया गया। अब यह क्षेत्र वन्यजीवों के लिए जीवनरेखा सिद्ध हो रहा है।

राज्य सरकार अब ओंकारेश्वर वन्य-प्राणी अभयारण्य के विकास के माध्यम से इस ट्रांजिट कॉरिडोर नेटवर्क को और मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है। खिवनी अभयारण्य केवल वन क्षेत्र नहीं, बल्कि पुनर्जीवन, संतुलन



और नई उम्मीद की प्रेरक कहानी है, जो मप्र को वन्यजीव संरक्षण और इको-पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही है।

# रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने पर जोर

### जनभागीदारी से जल संरक्षण का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जल संचय अभियान के तहत आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम द्वारा बैठक आयोजित की गई। इसमें उपायुक्त आरती खेड़ेकर, कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों ने भाग लिया।बैठक में उपयंत्रियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने वार्डों में प्रतिदिन 10 रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की योजना दो दिवस में तैयार करें।उपायुक्त खेड़ेकर ने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी से सफल होगा और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाकर भविष्य के लिए जल संचय करना आवश्यक है।टेक्निकल हाइड्रोजियोलॉजिस्ट कमलेश बिरला और जियोलॉजिस्ट अनिल जायसवाल ने सिस्टम लगाने की तकनीकी जानकारी दी।कार्यपालन यंत्री भारती ने बताया कि भवन निर्माण स्वीकृति के साथ जमा एफडीआर राशि से भी सिस्टम लगवाए जा सकते हैं। वहीं कार्यालय अधीक्षक रणजीत सिंह पंजाबी ने निगम के अधिकृत आर्किटेक्ट के सहयोग से सिस्टम स्थापित करने की सलाह दी।

### ग्राम पोलाखाल में तालाब की साफ-सफाई की

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह मार्गदर्शन में देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पोलाखाल में जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था सीतावन उत्थान सेवा समिति के सहयोग से तालाब के किनारों की साफ-सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने श्रमदान करते हुए तालाब के आसपास फैली गंदगी को हटाया।

# मार्गों व चौराहों से निगम ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों पर किए जा रहे अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए हाथ ठेला, सब्जी, फल, मनिहारी, जूते-चप्पल, चाट ठेला एवं नाश्ता पॉइंट संचालकों को हटाया। इन अतिक्रमणों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। साथ ही कई स्थानों पर खुले में कचरा फैलने से स्वच्छता पर भी असर पड़ रहा था। निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम रिमूवल टीम प्रभारी हेमंत उबनारे के नेतृत्व में स्वच्छता निरीक्षक हरेंद्रसिंह ठाकुर, वार्ड दरोगा कैलाश सोलंकी और अबरार पठान सहित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। व्यवसायियों को निर्देश दिए गए कि वे फुटकर व्यवसाय के लिए गंगानगर स्थित शारदा माता मंदिर के पीछे निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाएं।पान की गुमटियों पर भी सख्तीशहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर पान की दुकानों से फैल रही गंदगी को देखते हुए निगम ने अस्थाई गुमटियों को भी हटाया। पान की पीक से सड़कों पर बन रहे रेड स्पॉट स्वच्छता नियमों का उल्लंघन पाए गए। निगम ने सख्त चेतावनी दी है कि दोबारा अतिक्रमण करने पर चालानी कार्रवाई होगी।

# चूड़ीबाखल क्षेत्र में कीचड़ उछलने की मामूली बात पर विवाद, पुलिस ने 6 पर मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



चूड़ीबाखल क्षेत्र में कीचड़ उछलने जैसी मामूली बात पर हुए विवाद में चार लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना बुधवार रात करीब 11.30 बजे की है।

सुभाष चौक निवासी आमान अली बस स्टैंड से अपनी बाइक से गुजर रहे थे। एक गड्ढे से कीचड़ उछलकर एक बकरे और एक व्यक्ति के कपड़ों पर जा गिरा। इससे बकरे के मालिक और कुछ अन्य लोग नाराज हो गए। नाराज लोगों ने आमान अली का पीछा किया और सुभाष क्षेत्र में उन्हें रोककर उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। जब आमान अली के परिजन चाबी लेने चूड़ीबाखल क्षेत्र पहुंचे, तो वहां कुछ लोगों ने आमान अली, नफीस अली, अहमद अली और इरशाद पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में इरशाद अली के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि अहमद अली को भी धारदार हथियार से मारे जाने का आरोप है। सभी घायलों को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। आमान अली के परिवार ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

आमान अली ने बताया कि कीचड़ उछलने से नाराज होकर उन पर और उनके परिवार पर हमला किया गया। इस पूरे मामले में दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति के भी घायल होने की जानकारी सामने आई है।मामले में कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि इसमें छह लोगों पर नाम दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति भी घायल हुआ, पूरे मामले को लेकर जांच की जा रही है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई भू-अर्जन बैठक में लापरवाही नहीं बरतते हुए कार्यवाही करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में भू-अर्जन के संबंध में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने भू-अर्जन के संबंध में अनुभाग स्तर पर समीक्षा कर सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि शासकीय भूमि और जिन भूमि स्वामियों को भूमि का अवार्ड दे दिया गया है, वहां से अतिक्रमण हटाकर संबंधित विभाग को कब्जा दिलाने की कार्यवाही करें। उन्होंने रेल्वे संबंधी कार्य में भू-अर्जन के जितने भी प्रकरणों में मुआवजा देना बाकी है उन प्रकरणों में शीघ्र मुआवजा का वितरण किया जाए। एसडीएम भू-अर्जन एवं भुगतान में आ रही कठनाईयों का निराकरण शीघ्र करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में बाधा उत्पन्न करने वालों पर कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर सिंह ने एनएच, डब्ल्यूआरडी, जल निगम, पीडब्ल्यूडी के कार्यो की समीक्षा कर भू-अर्जन एवं भुगतान में आ रही कठनाईयों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए शासन के नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने भू-अर्जन एवं अवार्ड के भुगतान, नेशनल हाईवे, एमपीआरडीसी के कार्य और विभिन्न परियोजना की समीक्षा की और शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। परियोजना से जुड़े भू-अर्जन कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लंबित भू-अर्जन के प्रकरणों के निराकरण के साथ-साथ जिन मामलों का निराकरण किया गया है, उनके रिकॉर्ड तत्काल दुरुस्तीकरण भी शीघ्र कराएं। जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जो कार्य समाप्ति की ओर हैं, उन्हें बरसात शुरू होने से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, एसडीएम बागली शिवम यादव, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, एनएचएआई, एनवीडीए, डब्ल्यूआरडी, रेल्वे, जल निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में अन्य एसडीएम और तहसीलदार वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

# 31 साल बाद गुराडिया में हुआ गांव गैर माता पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के तहत ग्राम गुराडिया कला में लगभग 31 वर्षों बाद गुरुवार को 'गांव गैर माता पूजन' का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव में एक माह पूर्व से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं।पूरे गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां सभी समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विधि-विधान से पूजन किया। पिछले एक माह से गांव में सभी मांगलिक कार्य पूर्णतः बंद रखे गए थे।

शीतला माता मंदिर में पंडित महाकाल त्रिवेदी, सुनील पाठक एवं गुरूदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय हवन-पूजन संपन्न हुआ।गुरुवार सुबह गांव के पटेल देवी सिंह पटेल द्वारा प्रथम पूजन किए जाने के बाद सभी समाजजनों ने क्रमबद्ध तरीके से माता का पूजन किया। पूरे गांव को भगवा ध्वजों से सजाया गया था और प्रतिदिन प्रभात फेरियों का आयोजन भी किया गया।बताया जाता है कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें लगभग 30-31 वर्षों में एक बार यह विशेष पूजन आयोजित किया जाता है। इससे पूर्व वर्ष 1995 में यह आयोजन हुआ था।

इस पूजन का मुख्य उद्देश्य गांव में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करना है।आयोजन को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय रहा। पुलिस सहायता केंद्र चापड़ा प्रभारी राकेश चौहान एवं पंचायत सचिव शोभाराम जाट की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। गांव में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की गई, वहीं यातायात व्यवस्था के लिए पार्किंग स्थल एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई।इस अवसर पर हर घर में उत्सव जैसा माहौल रहा और बड़ी संख्या में मेहमानों का आगमन हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए। उप सरपंच राजेन्द्र पाटीदार और गणेश शर्मा ने बताया कि पंचायत द्वारा मोहल्लावार समूह बनाकर समय निर्धारित किया गया था, जिससे पूजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

### माता पूजन को लेकर प्रशासन सतर्क, भौरासा में हुई अहम बैठक, पुलिस की जाएगी तैनात

# एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना, व्यवस्थाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में 29 अप्रैल को होने वाले गांव गैर माता पूजन को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधि सक्रिय हो गए हैं। आयोजन में एक से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए भौरासा थाना परिसर में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सोनकच्छ एसडीएम आनंद मालवीय, एसडीओपी दीपा मांडवे, नायब तहसीलदार हर्षद बहरानी, थाना प्रभारी अनीता सिंह, विद्युत मंडल अधिकारी मंसूर अली सहित नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत ने बताया कि आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पूर्व में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों को लिखित आवेदन देकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया था।

### पांच स्थानों पर होगा माता पूजन

29 अप्रैल को नगर के पांच प्रमुख स्थानों पर शीतला माता पूजन होगा। इनमें माली मोहल्ला, कुमावत मोहल्ला, लोधी मोहल्ला, गोया भौरासा और खेड़ा स्थित शीतला माता मंदिर शामिल हैं। सभी स्थानों पर सुबह अंधेरे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू होने की संभावना है। आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। इनमें दशहरा मैदान, संजय नगर कॉलोनी, भूतड़ा जी की झीन, स्कूल ग्राउंड, भंवरनाथ मंदिर ग्राउंड तथा खेड़ा मिर्जापुर रोड शामिल हैं।


### स्वास्थ्य विभाग रहा अनुपस्थिति

इतने बड़े आयोजन और भीषण गर्मी के बावजूद बैठक में स्वास्थ्य विभाग का कोई भी अधिकारी या डॉक्टर उपस्थित नहीं रहा। जब तापमान 40 डिग्री के आसपास है और बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है, ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपस्थिति चिंता का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि आखिर स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्या तैयारी की गई है। बैठक में एसडीएम की मौजूदगी के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की अनुपस्थिति को लेकर इसे लापरवाही या आदेशों की अनदेखी माना जा रहा है।

# पंचायती राज संगठन में नई नियुक्तियां, गुर्जर उपाध्यक्ष, यादव जिला सचिव नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा





मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें रमेश चंद्र गुर्जर (सरसोदा) को उपाध्यक्ष एवं सुरेंद्र (लकी) यादव (नाना धारा खेड़ी) को जिला सचिव नियुक्त किया गया है।दोनों नेताओं की नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनके इष्ट-मित्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद इनानी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, दिनेश यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन ठाकुर, जिला महामंत्री दिलीप यादव, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबजल मंसूरी, गुलरेज मदनी, मंडलम अध्यक्ष दिनेश चौहान, शुभम नागर, कांतिलाल यादव सहित कई कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्री की जेब से 17 हजार रुपए उड़ाए

**ललितपुर।** प्रयागराज एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे एक बुजुर्ग यात्री के साथ इंदौर रेलवे स्टेशन पर चोरी की वारदात सामने आई है। टिकट लेते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने यात्री की जेब से 17 हजार रुपये नकद पार कर दिए। इस मामले में जीआरपी ललितपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। ललितपुर के ग्राम जिजयावन निवासी 60 वर्षीय सुल्तान सिंह अपनी यात्रा के दौरान प्रयागराज एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14115) के जनरल कोच में सवार थे। घटना 22 अप्रैल 2026 को सुबह 11.35 बजे की है, जब वह इंदौर रेलवे स्टेशन पर टिकट घर के पास मौजूद थे। सुल्तान सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि इंदौर रेलवे स्टेशन पर टिकट लेते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पजामे की जेब में रखे 17 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी ललितपुर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह द्वारा की जा रही है।

### खेत से सिंचाई इंजन चोरी, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में खेत से सिंचाई के लिए लगा इंजन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने गांव के ही पांच लोगों पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद इलाके में किसानों के बीच चिंता का माहौल है। थाना पूराकलां क्षेत्र के मजरा मुतियानाला खिरक निवासी सुखदीन रजक पुत्र हररिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके खेत पर सिंचाई के लिए लगा पंप इंजन पिछले करीब 8 वर्षों से स्थापित था, जिससे वे अपनी फसलों की सिंचाई करते थे। पीड़ित के अनुसार बीती 27 जनवरी 2026 की रात अज्ञात समय पर उनके खेत से इंजन चोरी हो गया। घटना की जानकारी होने के बाद उन्होंने काफी समय तक अपने स्तर पर इंजन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने गांव के ही कुछ लोगों पर चोरी का संदेह जताया है, जिनमें रामप्रकाश पुत्र बाबू लोधी, केहर पुत्र ललिन लोधी, वंद्राबन पुत्र देला बरार, रूपलाल पुत्र जरथ लोधी, जमप्रकाश पुत्र रामदयाल रजक पर इंजन चोरी करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि वह लगातार अपने स्तर पर इंजन की तलाश करता रहा, लेकिन जब कोई सफलता नहीं मिली तो आखिरकार 22 अप्रैल को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आंगनबाड़ियों में पोषण व टीकाकरण पर जोर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्रामीण भ्रमण के दौरान ग्राम कुआं खेड़ी और पालकी के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर पोषण सेवाओं की जानकारी ली तथा पोषण मटका को नियमित अद्यतन रखने के निर्देश दिए। कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचारात्मक प्रबंधन और टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पात्र बच्चों का समय पर पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा।

## भीषण गर्मी के चलते भारत विकास परिषद ने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया

# जनसेवा की पहल से राहगीरों को गर्मी में शीतल जल मिलेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा जनसेवा की सराहनीय पहल करते हुए शहर में सार्वजनिक प्याऊ (जल सेवा) का शुभारंभ किया गया।

यह प्याऊ परिषद के संयोजक सेवा नीरज समैया की संस्तुति पर परिषद के पूर्व अध्यक्ष विपिन जैन रोड़ा के पिता स्व.नाथूराम जैन (अध्यापक) की स्मृति में उनके प्रतिष्ठान पर स्थापित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद अध्यक्ष रविन्द्र जैन (बानपुर) द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस नगर प्रचारक सुनील, जिला कार्यवाह आशीषजी,




सामाजिक सद्भाव प्रमुख विनोद शर्मा, सेवा समर्पण संस्थान जिला मंत्री पवन कौशिक एवं जिला कोषाध्यक्ष काशीनाथ नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में परिषद परिवार के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें मनोज सराफ (बल्ली), नरेन्द्र मोदी, आनंद मोहन दुबे, सुबोध गोस्वामी, मुरारी सोनी, रामकुमार तिवारी, राजीव जैन (रज्जू), डा.जगवीर सिंह, अभिषेक जैन (अब्बू मुच्छाल), राजेश जैन (बल्ली), नीरज समैया, प्रवीण सिंघई, विपिन जैन रोड़ा, रीतेश जैन (रिंकू गदयाना), दीपक जैन सिंघई, हेमंत सराफ, विवेक जैन (मडवैया), साकेत जैन (बड़ेरा), संजय मोदी (बैग), नितिन अग्रवाल, सूर्यदेव उपाध्याय, बृजेंद्र सिंह यादव, ऋषभ एवं निखिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में परिषद के सचिव राजीव जैन (रज्जू) एवं विपिन जैन रोड़ा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। जनसेवा की इस पहल से राहगीरों को गर्मी में शीतल जल उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

## गाजीपुर कांड: युवती की जघन्य हत्या और दुष्कर्म के मामले ने अब तूल पकड़ा

# अभा विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने खोला मोर्चा, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**गाजीपुर में हुई युवती निशा विश्वकर्मा की जघन्य हत्या और दुष्कर्म के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी महरौनी को सौंपा है।**




संगठन ने मामले में त्वरित न्याय, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर हुए हमले के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार बीती 16 अप्रैल 2026 को गाजीपुर के करंडा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ अज्ञात लोगों ने पहले दुष्कर्म किया और फिर बेरहमी से उसकी हत्या कर शव को गंगा नदी किनारे फेंक दिया। परिजनों का आरोप है कि घटना के 8 दिन बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस न्यायिक कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे पीड़ित परिवार में गहरा रोष और भय व्याप्त है। संगठन ने यह भी बताया कि जब पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामआसरे विश्वकर्मा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे, तो दबंगों द्वारा उन पर पथराव किया गया। बावजूद इसके प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जो प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। ज्ञापन के माध्यम से महासभा ने शासन-प्रशासन के समक्ष मांगों को रखा, जिनमें पीड़ित परिवार को अविलंब न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई हो। पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा पर हमला करने वाले दबंगों को गिरफ्तार कर उन पर मुकदमा दर्ज किया जाए और पूर्व मंत्री को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। पीड़ित परिवार और उनसे मिलने आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। युवती के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। घटना के संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह आशु पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जाए। लापरवाही बरतने वाले सिटी सीओ और थाना अध्यक्ष (करंडा) सहित संबंधित पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष महेंद्र झा विश्वकर्मा, विधानसभा अध्यक्ष नीलेश कुमार, कुलदीप झा, राजेश कुमार विश्वकर्मा, भौरे प्रसाद विश्वकर्मा, चंदेश कुमार झा और अन्य पदाधिकारी व समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

## रात के अंधेरे में चल रहा था अवैध खनन

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पर निरीक्षक पर हमला कर घायल किया

**▶ खान निरीक्षक पर पथराव सरकारी कार्रवाई में बाधा डालकर जेसीबी-डंपर छुड़ाए**

**ललितपुर।** जिले में अवैध खनन माफियाओं का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि अब यह गिरोह खुलेआम सरकारी अधिकारियों पर जानलेवा हमला करने से भी नहीं हिचक रहे। ताजा मामला कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम महरौनी खुर्द का है, जहां अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे खान निरीक्षक पर ही दबंगों ने हमला बोल दिया।

पथराव कर न केवल उन्हें घायल कर दिया गया, बल्कि सरकारी कब्जे में लिए गए वाहन भी छुड़ाकर मौके से फरार हो गए। खनन विभाग में तैनात खान निरीक्षक सुदीप कुमार को 19 अप्रैल 2026 की देर रात अवैध खनन की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसील ललितपुर अंतर्गत ग्राम महरौनी खुर्द स्थित संदिग्ध स्थल पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान टीम ने मौके पर एक जेसीबी मशीन और डम्पर नंबर यू.पी.94 टी 2096 को अवैध रूप से खनन और परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके की जांच में सामने आया कि करीब 100 घन मीटर साधारण मिट्टी का अवैध खनन, लगभग 600 घन मीटर लाल मोरम का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा चुका था। जब टीम ने वाहन चालकों से वैध दस्तावेज मांगे, तो वे कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सके। जैसे ही खान निरीक्षक द्वारा जेसीबी और डम्पर को जब्त कर कोतवाली ले जाने की कार्रवाई शुरू की गई, तभी गांव के ही दबंगों का गिरोह मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि मौके पर सोबरन सिंह पुत्र फूल सिंह, छत्रपाल सिंह पुत्र सोबरन सिंह, नाती राजा पुत्र छत्रपाल सिंह, लववाज पुत्र राजेंद्र सिंह ठाकुर के साथ 10-12 अज्ञात व्यक्तियों ने एकराय होकर अचानक हमला बोल दिया। बताया गया कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज शुरू की फिर पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे खान निरीक्षक सुदीप कुमार के हाथ में चोट आई। हालात इतने बिगड़ गए कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमलावर यहीं नहीं रुके और उन्होंने दबंगई दिखाते हुए सरकारी कब्जे में लिए गए जेसीबी मशीन और डंपर को बलपूर्वक छुड़ा लिया और मौके से फरार हो गए। यह घटना न केवल सरकारी कार्य में बाधा का मामला है, बल्कि यह सीधे-सीधे प्रशासन और कानून व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। इस अवैध खनन से सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्राथमिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के खनिज का अवैध उत्खनन सरकारी राजस्व की सीधी हानि, खनन नियमों की खुली अवहेलना की गयी है। खान निरीक्षक सुदीप कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 352, 191(2), 125, 132 के अलावा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4/21, उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम 3(1), 58, 72(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हालत गंभीर, झांसी रेफर किया

# रास्ता रोककर युवक पर जानलेवा हमला लाठी-डंडों से पीट पीटकर अधमरा किया

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों द्वारा एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने युवक को रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्राम करन निवासी सरवर सिंह पुत्र निरंजन सिंह ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनके पुत्र रामवतार सिंह का कुछ दिन पहले गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था। उस दौरान भी आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट की थी, लेकिन मामला किसी तरह शांत हो गया था। बताया गया कि 20 अप्रैल 2026 की रात करीब 12 बजे रामवतार सिंह ग्राम बरेरा से एक कार्यक्रम से अपनी कार द्वारा वापस घर लौट रहा था। उसके साथ नंदकिशोर भी मौजूद था। जैसे ही रामवतार गांव के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे रोक लिया और अचानक हमला बोल दिया। पीड़ित ने बताया कि रमेश, लल्लू, बबलू उर्फ हरीगोविंद के अलावा 5-6 अज्ञात व्यक्तियों ने उनपर हमला किया। घटना के दौरान रामवतार के साथ मौजूद नंदकिशोर ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उसे भी निशाना बनाया और मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकला। घटना के बाद रामवतार गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। सुबह ग्रामीणों ने उसे देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी रेफर कर दिया।

## कोतवाली क्षेत्र में दबंगई का मामला

# बुजुर्ग को ग्राम प्रधान के घर बुलाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगई का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बुजुर्ग को ग्राम प्रधान के घर बुलाकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित और उसका परिवार दहशत में है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुआतला निवासी 62 वर्षीय सीताराम पुत्र कामता प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही विजय लोधी वर्तमान ग्राम प्रधान ने उसे अपने घर बुलवाया था। बताया गया कि 16 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2 बजे जब सीताराम अपने साथी के साथ ग्राम प्रधान विजय लोधी के घर पहुंचे, तो वहां पहले से ही कई लोग मौजूद थे। इनमें गांव और आसपास के कुछ प्रभावशाली लोग भी शामिल थे। पीड़ित के अनुसार जैसे ही वह घर के अंदर पहुंचा तभी ग्राम प्रधान विजय लोधी ने अचानक लात-घूंसों से हमला कर दिया। उसके बाद अन्य आरोपियों में प्रताप लोधी, अजय लोधी, भानुचंद्र लोधी भी एकजुट होकर मारपीट में शामिल हो गए। इन सभी ने मिलकर सीताराम को बुरी तरह पीटा, जिससे उसके मुंह, कान और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के समय वहां कई लोग मौजूद थे, जिनमें हीराराज मास्टर, रामसेवक (पूर्व प्रधान), देवीलाल, बहादुर सिंह, वासुदेव आदि ने बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ित को बचाया, लेकिन तब तक वह घायल हो चुका था। पीड़ित के अनुसार, हमले के दौरान उसके 500 रुपये भी छीन लिए गए। आरोपियों के खौफ के चलते वह तुरंत पुलिस के पास नहीं जा सका।

## राशन वितरण की तारीखें घोषित

# अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारक 24 अप्रैल से ले सकेंगे निशुल्क राशन

**ललितपुर।** जिला पूर्ति विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत मई 2026 के लिए राशन वितरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिले के सभी अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को सूचित किया गया है कि वह निर्धारित तिथियों के भीतर अपने नजदीकी उचित दर दुकान (राशन की दुकान) पर पहुंचकर अपना निशुल्क राशन प्राप्त कर लें। जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचंद्र मिश्र ने बताया कि राशन वितरण का कार्य 24 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 08 मई 2026 तक संपन्न होगा। लाभार्थियों को इसी अवधि के भीतर राशन प्राप्त करना अनिवार्य है। विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, राशन का वितरण कार्ड के प्रकार के आधार पर इस प्रकार होगा, जिसमें अंत्योदय राशन कार्डधारक को प्रति कार्ड कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा, जिसमें 14 किलो गेंहू और 21 किलो चावल शामिल है। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न मिलेगा, जिसमें 2 किलो गेंहू और 3 किलो चावल शामिल है। लाभार्थियों को राशन प्राप्त करने के लिए अपनी संबंधित उचित दर दुकान पर जाकर ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण कराना होगा। यदि किसी उपभोक्ता का आधार प्रमाणीकरण सफल नहीं होता है, तो उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के जरिए राशन दिया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वह समय सीमा के भीतर उचित दर विक्रेता के पास पहुंचकर अपना राशन प्राप्त कर लें।

## पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

# इलाइट मुक्तिधाम में चलित एलपीजी गैस शवदाह मशीन से विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अनंत सेवा समूह द्वारा शहर के इलाइट मुक्तिधाम में चलित एलपीजी गैस शवदाह मशीन के माध्यम से राजपूत कालोनी के प्रियंशु सोनी पुत्र भगवती शरण सोनी का अंतिम संस्कार पूर्ण सनातन विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस सेवा कार्य का संचालन संस्था वरिष्ठ सदस्य दीपक सोनी एवं शिवचरन सोनी के नेतृत्व में किया गया।

इस दौरान संस्था सदस्य मुन्ना सोनी, डा.प्रबल सक्सेना, संजीव खरे, नीरज सोनी, कमलकांत सोनी, सुलभ गुप्ता, विकास श्रीवास्तव, आयुष जड़िया तथा मुख्य सचिव प्रशांत श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य सचिव प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि एलपीजी गैस आधारित इस शवदाह प्रणाली के उपयोग से एक परिवार द्वारा एक पेड़ कटने से बचाया जा सकता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बताया कि इस मशीन के माध्यम से मात्र 90 से 100 मिनट में शवदाह प्रक्रिया पूर्ण हो जाती है तथा इसमें न धुआं निकलता है और न ही दुर्गंध उत्पन्न होती है। उन्होंने आगे बताया कि केवल प्राकृतिक एलपीजी गैस के दो व्यावसायिक सिलेंडरों से एक शवदाह संपन्न हो जाता है। इस प्रणाली की विशेषता यह भी है कि अंतिम संस्कार के तुरंत बाद अस्थियां परिजनों को सौंप दी जाती हैं। संस्था द्वारा यह सुविधा जनपदवासियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। शवदाह का संपूर्ण खर्च संस्था स्वयं वहन करती है अथवा विशिष्ट सदस्यों द्वारा गैस सिलेंडर दान स्वरूप उपलब्ध कराए जाते हैं। संस्था का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण एवं समय की बचत को ध्यान में रखते हुए यह एक उपयोगी व्यवस्था है, जिसमें सनातन परंपराओं के अनुरूप अंतिम संस्कार किया जाता है। समाजसेवा के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।

## ब्रह्माकुमारीज वरदानी भवन में स्वास्थ्य शिविर संपन्न

# मेडिकल के डॉक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण किया, जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज संस्था में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित योग और ध्यान करने के महत्व के बारे में बताया। विभाग अध्यक्ष रवि पचौरी ने बताया कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और अनियमित दिनचर्या के कारण अनेक बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, जिन्हें सही जीवनशैली से रोका जा सकता है। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।




प्रतिभागियों को आवश्यकतानुसार दवाइयां दी गई। कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी जी ने राजयोग ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और सकारात्मक सोच विकसित करने के तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मन की शांति ही अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। बीके मायारानी दीदी जी ने सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आभार जताया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज के लिए अत्यंत लाभकारी हैं और इन्हें समय-समय पर आयोजित किया जाना चाहिए। जिसमें स्वशासी मेडिकल कॉलेज से डा.हर्षवर्धन, डा.यामिनी, डा.रामसेवक, डा.विनय गौतम,स्वस्थ परीक्षण किया। आभा बहन, विद्यासागर भाई, खुशीलाल साहू, एड.सत्यनारायण साहू, लक्ष्मी साहू, गुडडी माता, क्रांति चौरसिया, परमानंद चौरसिया, नर्मदा माताजी, जयराम सिंह, हरचरण यादव अन्य भाई-बहन उपस्थित रहे।

ऐसे बच्चों को शासन की योजनाओं से जोड़ेंगे

# भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने बाल कल्याण समिति ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शासन, प्रशासन की मंशा है कि जिले में सभी तरह की भिक्षावृत्ति खासकर बाल भिक्षावृत्ति पर पूरी तरह बंद हो जाए ताकि बच्चे शिक्षा से जुड़कर अपना भविष्य बना सकें। इसीलिए प्रयास किए जा रहे हैं कि बाल भिक्षावृत्ति के कारणों का पता लगाकर इस पर अंकुश लगा दिया जाए। इसी कड़ी में बाल कल्याण समिति एवं महिला बाल विकास विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने भैंसवा माता मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र में भ्रमण किया। इस क्षेत्र में बच्चों द्वारा भिक्षा मांगे जाने के मामले पूर्व में आ चुके थे। टीम ने वहां भिक्षा मांग रहे बच्चों और उनके परिवारजनों से चर्चा कर उन्हें समझाईस दी। साथ ही मंदिर में पूजा करवाने वाले पंडा, पण्डितो के समूह को समझाइश देकर बच्चों को स्कूल से जोड़ने और शासन की योजनाओं से जोड़ने संबंधी जानकारी प्रदान की गई।



### शासन की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने बताया कि कुछ बच्चे मिले है जो उनकी जानकारियां दर्ज की है। बच्चों की माने तो उनमें से लगभग सभी स्कूल जाते हैं। इन बच्चों को शासन की स्पॉन्सर केयर योजना जैसी अन्य शासन की योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। भ्रमण के अवसर पर समिति सदस्य सलमा कुरेशी, संरक्षण अधिकारी रिंकी धाकड़, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वर्षा शर्मा सहित संबंधित लीमा चैहान थाना के पुलिसकर्मी साथ थे।

## भिक्षावृत्ति में खो रहा नन्हे मासूमों का भविष्य, जिम्मेदारों की चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बढ़ती आस्था और उमड़ती भीड़ के बीच एक चिंताजनक तस्वीर सामने आ रही है। बिजासन माता मंदिर, भैंसवा माताजी मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों और सारंगपुर सहित क्षेत्र के बाजार क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छोटे-छोटे बच्चे भिक्षा मांगते नजर आ रहे हैं। मंदिर परिसरों में ये मासूम कभी श्रद्धालुओं को जबरन टीका लगाकर तो कभी उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए पैसे मांगते दिखाई देते हैं। मंदिर प्रबंधन और सुरक्षाकर्मी समय-समय पर इन्हें हटाने का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ ही देर में ये बच्चे दूसरे स्थानों पर पहुंचकर फिर से वही गतिविधियां शुरू कर देते हैं। इस स्थिति से कई बार श्रद्धालुओं को असहजता का सामना भी करना पड़ता है।भिक्षा मांगने वाले बच्चों के बीच अधिक पैसे पाने की होड़ भी साफ दिखाई दे रही है, जो आपसी प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुकी है। इन दिनों शादी सीजन के चलते भैंसवा माताजी स्थित बिजासन धाम पर श्रद्धालुओं की संख्या में खासा इजाफा हुआ है, जिसके साथ ही भिक्षा मांगने वाले बच्चों की सक्रियता भी बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन करीब 50 से अधिक बच्चे गिड़गिड़ाते हुए नजर आते हैं। नवरात्र, माघ मेला और अन्य विशेष अवसरों पर इनकी संख्या और अधिक बढ़ जाती है, जिसमें आसपास के गांवों से आने वाले बच्चे भी शामिल होते हैं। यह स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि भिक्षावृत्ति के कारण इन मासूमों का बचपन और भविष्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। बावजूद इसके, इस गंभीर समस्या को लेकर जिम्मेदार विभागों की चुप्पी बनी हुई है, जो चिंता का विषय है।



कलेक्टर ने की सहकारी बैंक शाखाओं की समीक्षा

# सीसीबी की सुठालिया शाखा के प्रबंधक को निलंबन का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला सहकारी बैंक से संबद्ध सभी ब्रांचों में पुराने ऋणों की वसूली में जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सालों पुराने ऋण मामलों की रिकवरी में शाखा प्रबंधक लगातार दिए जा रहे निर्देशों के बावजूद ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में बुधवार को वीडिया कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हुई जिला सहकारी बैंक की शाखावार प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त की।

इस दौरान सुठालिया शाखा प्रबंधक की कार्यप्रणाली असंतोषजनक पाए जाने पर उन्हें निलंबन का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अन्य सभी शाखा प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए गए कि वे कालातीत (ओवरड्यू) ऋणों की वसूली में तेजी लाएं एवं निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। कलेक्टर निर्देशित किया कि सभी शाखाएं नवीन सदस्यता में वृद्धि, अमानत (डिपॉजिट) बढ़ाने तथा उपार्जन कार्य को प्राथमिकता देते हुए सप्ताहवार निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करें।



### अगली बैठक में पुनः की जाएगी सभी शाखाओं की समीक्षा

उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही या लक्ष्य पूर्ति में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी बैठक में पुनः सभी शाखाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, जिसमें प्रत्येक शाखा को अपने कार्यों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही उन्हों ने सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जिले में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए।

# पड़ाना सरपंच से मारपीट, एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



पड़ाना क्षेत्र में सरपंच के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को फरियादी गोकुल दुगरिया 60 वर्ष निवासी पड़ाना, ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने साथी महेश परमार के साथ 21 अप्रैल की रात करीब 9 बजे निपानिया बीका से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। इस दौरान गांधी चैक पड़ाना पर महेश को वाहन से उतारकर दोनों चाय पीने जा रहे थे, तभी गांव के ही महेन्द्र पिता खाम सिंह परमार जुझारसिहं परमार,धीरज परमार,बृज परमार वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने पंचायत के काम को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।

फरियादी ने जब आपत्ति जताई तो आरोपियों ने उसके साथ झूमा-झटकी कर मारपीट की। इस दौरान उसके गाल, छाती और पेट पर लात-घूंसे मारे गए, जिससे उसे चोटें आईं।

# आउटसोर्स कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगें लंबित, ज्ञापन देकर फिर चेताया




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश के विभिन्न विभागों, उद्योगों एवं संस्थाओं में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर निकिता तिवारी को सौंपते हुए कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत यह ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। मांग पत्र में आउटसोर्स सर्विस सेक्यूरिटी एक्ट अथवा आउटसोर्स निगम मंडल के गठन की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है।

# शादी के नाम पर ठगी कर फरार हुई लुटेरी दुल्हन को ब्यावरा पुलिस ने धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी (भा.पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए लुटेरी दुल्हन का पर्दाफाश किया गया है। आरोपी सीधे-साधे कुंवारे युवकों को निशाना बनाती थी। शादी का झांसा देकर उनसे जेवरात एवं नकदी प्राप्त कर लेती थी शादी के अगले दिन फरार हो जाती थी।

पुलिस से बचने के लिए वह अपना नाम एवं मोबाइल सिम लगातार बदलती रहती थी। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं पारंपरिक पुलिसिंग का सहारा लिया गया घटनास्थलों के आसपास लगे ब्ब्ज्ट कैमरों के फुटेज का विश्लेषण संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी मोबाइल लोकेशन एवं कॉल डिटेल रिकॉर्ड का परीक्षण मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर लगभग 01 वर्ष से फरार आरोपिया को दिनांक 20.04.2026 को भोपाल के करोंद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपिया द्वारा स्वीकार किया गया कि वह पूर्व में भी तीन शादियां कर चुकी है और प्रत्येक बार शादी के अगले दिन फरार हो जाती थी। फरियादी रामगोपाल पिता हजारीलाल वर्मा निवासी ग्राम बाकपुरा, तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ की षिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने लुटेरी दुल्हन दिव्या भवनानी पति हरीश भावनानी, 30 वर्ष, निवासी नारियल खेड़ा, भोपाल दबोचा है। इसमें निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़, उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र शर्मा, सहायक उप निरीक्षक सीता यादव, प्रधान आरक्षक 680 हेमंत सिंह राजपूत, आरक्षक 307 राहुल मीना, आरक्षक हितेश यादव रहे।



# तेज रफ्तार तूफान ने पेशाब करने रुके युवक को कुचला एक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ा




स्थानीय थानांतर्गत ग्राम झाड़पीपल्या में एक तेज रफ्तार तूफान गाड़ी ने दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की जान ले ली और एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक देवराज पिता रोडसिंह प्रजापति 20 वर्ष निवासी कचनारिया थाना ब्यावरा पचोर स्थित एक कैंटीन में मजदूरी का काम करता था। वह अपनी टीम के साथ कुरावर क्षेत्र में एक शादी समारोह से काम निपटाकर पिकअप वाहन से वापस पचोर लौट रहा था। सफर के दौरान झाड़पीपल्या के पास देवराज और उसके साथी बाथरूम के लिए रुके। देवराज वाहन से उतरकर सड़क किनारे खड़ा था, तभी अचानक एक अनियंत्रित तेज रफ्तार तूफान कार आई और उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हैरानी की बात यह है कि युवक को टक्कर मारने के बाद भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। थोड़ी दूर आगे जाने पर इसी तूफान गाड़ी ने वेयर हाउस के चैकीदार ''मोहर सिंह (55 वर्ष)'', पिता देवीलाल वर्मा, निवासी झड़पीपलिया को भी अपनी चपेट में ले लिया। मोहर सिंह उस वक्त पैदल जा रहे थे। इस टक्कर में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बोड़ा थाना की ''डायल 112'' की टीम मौके पर पहुंची। आरक्षक विनोद अहिरवार और पायलट दिलीप रुहेला ने तुरंत मोर्चा संभाला और मृतक देवराज व घायल मोहर सिंह को पचोर अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद देवराज प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मोहर सिंह वर्मा का उपचार अस्पताल में जारी है, उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

बोड़ा थाना पुलिस ने इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारकर भागने वाली तूफान गाड़ी और उसके चालक की तलाश की जा रही है। इस घटना के बाद मृतक के गांव कचनारिया में शोक की लहर दौड़ गई है। यह घटना हमें याद दिलाती है कि सड़क किनारे वाहन खड़ा करते समय या उतरते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि तेज रफ्तार वाहन अक्सर काल बनकर सामने आते हैं।यह घटना बुधवार अल सुबह 4 बजे की बताइ जा रही है।

# नकबजनी गिरोह का पर्दाफाश, 3 आरोपी गिरफ्तार, 1.08 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घरों में नकबजनी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 50 हजार रुपये नगद एवं 6 हजार रुपये कीमत के गुटखा पाउच सहित कुल 1 लाख 8 हजार रुपये का शत-प्रतिशत मशरूका बरामद किया गया है।



### क्या है पूरा मामला ?

12-13 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने फरियादी पप्पू राठौर निवासी आनंद वेयरहाउस के सामने, नरसिंहगढ़ रोड कुरावर स्थित घर के ताले तोड़कर 50 हजार रुपये नगद एवं गुटखा पाउच चोरी कर लिए थे। मामले में थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 113द्2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में दो विशेष टीमें गठित की गईं। एक टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की, जबकि दूसरी टीम ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्य जुटाकर संदेहियों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें लोकेंद्र मीणा (28), निवासी बैरागढ़ खुमान, थाना श्यामपुर, समीर खान (21), निवासी बड़नगर, थाना कुरावर, जुबेर खान (21), निवासी बड़नगर, थाना कुरावर शामिल है। तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई। टीम में उप निरीक्षक सहित प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों के साथ अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को दें, ताकि समय रहते अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# राम जानकी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की साहू समाज ने निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

नगर के बड़े बाजार में स्थित राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर साहू समाज ने तीन दिवसीय आयोजन रखे गए हैं। इस उपलक्ष में साहू समाज द्वारा बुधवार को नगर में कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सुबह 9 बजे शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन व श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

यात्रा साहू समाज धर्मशाला से ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई जोकि नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बड़े बाजार राम जानकी मंदिर पहुंची। समाजजन मां कर्मा देवी के नारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गा रही थीं । कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा में साहू समाज अध्यक्ष भगवानदास मुन्ना साहू, उपाध्यक्ष हरिनारायण साहू, सचिव एडवोकेट संजय साहू, जमात मंदिर महंत दीपेंद्र दास, आचार्य रवि शर्मा, झाली आश्रम गुरुजी राघवेंद्र शर्मा, सतगुरु आश्रम प्रफुल्ल महाराज, रामबाबू साहू, पूनमचंद साहू, अरविंद साहू, मनोज साहू, दिनेश साहू सहित कई सामाजिक बंधु शामिल रहे।



### पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास

**गुना।** पत्नी की हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश गुना अमिताभ मिश्र ने आरोपी पति को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। मध्यप्रदेश राज्य की ओर से इस प्रकरण में पैरवी लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ द्वारा की गई।अभियोजन के अनुसार 3-4 नवंबर 2025 की मध्यरात्रि ग्राम कांदई, थाना म्याना निवासी सूर सिंह भिलाला ने अपनी पत्नी रेशमबाई के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी थी।4 नवंबर 2025 को फरियादी सुरेश भिलाला को उसकी बुआ सायदी बाई ने फोन पर सूचना दी कि उसकी छोटी बुआ रेशमबाई की उसके पति ने मारपीट कर हत्या कर दी है। सूचना मिलने पर परिजन गांव पहुंचे, जहां रेशमबाई खटिया पर मृत अवस्था में मिलीं।

कलेक्टर के निरीक्षण में अधिकारियों ने जताई मंशा

# बड़ा महल में स्थानांतरित हो सकता है राजगढ़ संग्रहालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को मुख्यालय स्थित जिला पुरातात्विक संग्रहालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संग्रहालय में प्रदर्शित पुरातात्विक धरोहरों का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में संग्रहालय की चार दीर्घाओं (गैलरी) में 64 प्रमुख प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं, जबकि लगभग 100 प्रतिमाएं परिसर में प्रदर्शित की गई हैं। इसके अतिरिक्त लगभग 300 प्रतिमाएं सुरक्षित रूप से संग्रहित रखी गई हैं।

उन्होंने निर्देशित किया कि संग्रहालय में आगंतुकों की संख्या बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए तथा जनसामान्य के लिए इसे अधिक आकर्षक एवं जानकारी पूर्ण बनाया जाए। संग्रहालय को बड़ा महल में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग से चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजगढ़ जिले की समृद्ध पुरातात्विक विरासत को संरक्षित करते हुए व्यवस्थित रूप से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

### संग्रहालय में 10वीं शताब्दी तक की धरोहरें

उल्लेखनीय है कि राजगढ़ का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है जिसमें 10वीं, 12वीं शताब्दी से लेकर जैन काल, मुगल काल एवं उमठ-परमार वंश तक की बहुमूल्य धरोहरें शामिल हैं। इन सभी ऐतिहासिक धरोहरों को एकत्रित कर "बड़ामहल" में व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित किए जाने की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निधि भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।